कार्यालय – प्राचार्य, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया
जिला – राजनांदगांव (छ.ग.)

Website - chhuriacollege.com Email chhuriacollege@gmail.com Phone&Fax – 07745 – 299273

दिनांक : 30 / 12 / 2021

रासेयो शिविर में टीकाकरण शिविर एवं बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन

आज दिनांक 30.12.2021 को शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया के तत्वाधान में ग्राम – बजरंगपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सात दिवसीय विशेष शिविर में कोरोना टीकाकरण का शिविर एवं बौद्धिक परिचर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कोरोना टीकाकरण शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपसरपंच श्री राजकुमार साहू जी, अध्यक्ष श्री दयाराम एवं विशेष अतिथि भागचंद कुंजाम के आतिथ्य में हुआ। ग्राम – बजरंगपुर के समस्त ग्रामवासी टीकाकरण के प्रति उत्साहित रहे एवं ग्रामवासी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित भी रहे। उक्त टीकाकरण शिविर में सीएचसी छुरिया से नर्स श्रीमती पायल तिवारी के द्वारा टीकाकरण किया गया साथ ही उन्होंने कोरोना वैक्सीन उपयोगिता पर भी विशेष जानकारी प्रदान करते हुए अपनी बात मंच पर रखी। इसी दिवस पर सात दिवसीय शिविर में बौद्धिक परिचर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम शासकीय माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला बजरंगपुर के प्राध्यापक श्री हृदय राम यादव, श्री हेमलाल सहारे, श्री गजेन्द्र चौधरी एवं श्रीमती कांति साहू जी के आतिथ्य में संपन्न हुआ। बौद्धिक परिचर्चा के विषय कोरोना महामारी पर सभी अतिथियों ने विशेष जानकारी के साथ उपाय पर प्रकाश डाला। इसी तरह स्वंय सेवकों में महेश्वर, टुम्मनलाल, उमेश कुमार, कर्ण कुमार, आदि विद्याथियों ने कोरोना टीकाकरण पर बात रखी। उक्त कार्यक्रम में अतिथि प्राध्यापक श्री चैतराम यादव एवं श्री राकेश कुमार अमिला उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन स्वंय सेवक हेमंत कुमार के द्वारा किया गया।

डॉ सुषमा चौरे (नेताम)

प्राचार्य
शास. रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला –राजनांदगांव (छ.ग.)

Scanned by CamScanner